>

Tilte: Need to provide water from Narmada Dam Project to the farmers of Jalore and Sirohi districts of Rajasthan for drinking and irrigation purposes and also to provide funds for the purpose.

श्री देवजी एम. पटेल (जालौर): मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत राजस्थान राज्य के जालोर एवं सिरोही दो जिले आते हैं, जहां सूखे की समस्या अधिक रहती है। पेयजल की समस्या से जनता परेशान रहती है तथा सिंचाई का प्रबंधन न होने से किसान त्रस्त है। नर्मदा परियोजना का पानी राजस्थान राज्य को प्राप्त हो रहा है, परन्तु माइनर एवं उपमाइनर में पानी उपलब्ध होने के बावजूद भी सिंचाई एवं पेयजल के लिए पानी का वितरण नहीं हो पा रहा है। रबी फसल का समय चल रहा है। पानी के अभाव में खेती कार्य प्रभावित है। प्रदेश सरकार द्वारा बजट की कमी बताई जा रही है।

अतः आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि राजस्थान राज्य के जिला जालौर एवं सिरोही के किसानों और जनता को, सिंचाई तथा पेयजल समस्या को दृÂिटगत रखते हुए विशेÂष बजट का प्रबंध कर नर्मदा परियोजना से जल वितरण कराने की कृपा करें।